गोरखपुर पर्यटन रोजगार का हब बना : योगी

जासं, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को सात साल में बदली गोरखपुर की तस्वीर को रेखांकित किया। रामगढ़ताल में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लोकार्पण कर कहा कि जिस गोरखपुर के नाम से 15-20 साल पहले भय लगता था, सुविधाओं की कल्पना बेमानी थी, वह विकास की आधुनिक सोच के साथ रोजगार और पर्यटन का हब बन चुका है। गंदगी और अपराध के चलते यहां आने से कतराने वाले पर्यटकों को फाइव स्टार सुविधाएं मिल रही हैं। रामगढ़ताल में स्थापित 'फ्लोट' का बटन दबाकर लोकार्पण करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आवासीय योजना ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आठ आवंटियों को आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब से सात साल पहले इसी रामगढ़ताल क्षेत्र में बने सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों एवं मंत्रियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था करनी पड़ती थी। आज यह प्राकृतिक ताल पर्यटकों को नई आभा के साथ आकर्षित कर रहा है। क्रूज की सुविधा पहले ही शुरू हो गई थी। अब फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी शुभारंभ हो गया है।